Imported steel billets lying uncleared at Visakhapatnam

569. SHRI RAM NARESH KUSHAWAHA:
SHRI RASHEED MASOOD:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that over 30, 000 tonnes of imported steel billets worth 10 crores of rupees imported by Steel Authority of India Limited have been lying uncleared at Visakhapatnam port for the last few months;

(b) if So, what are the reasons for the non-clearance of the stock of steel billets indicating the extent of loss likely to be suffered due to delay in the clearance; and

(c) what are the steps Government have taken to clear the stock ?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI K. C PANT): (a) and (b) Approximately 35, 000 tonnes of billels imported by the Canalising Agency, MMTC on account of SAIL was received at Vizag Port by middle of Juns, 1986. The entire quantity Was cleared from the port and transported to stockyard of SAIL at Vizag. About 5, 000 tonnes of these billets were sent to the SAIL steel plants for conversion into finished products. Since the materials supplied by the overseas suppliers were found not to conform to the specification ordered by SAIL they could not be used by SAIL and further movement of these billets from Vizag was suspended.

SAIL have lodged a claim on MMTC, the Canalising Agency, for Rs. 17-37 crores excluding storage charges at the rate of Rs. 10/- per tonne per month and interest at the r rate of 18-12% per annum chargeable upto the date of actual settlement of claim.

(c) MMTC has been authorised by the Iron and Steel Controller to dispose of these billets to other consumers of billets Who had placed import indents with MMTC and whose import had been cleared by I & SC from the indigenous angle.

भगीरथ पत्रिका के प्रकाशन विभाग के कर्मचारी

570. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित "भगीरथ" पत्रिका का उद्देश्य क्या है और इन पत्रिकाओं के लिये कौन-कौन से पद मंजूर हैं और ये पद कब से मंजूर हैं ;

(ख) उनमें से कौन-कौन से पद भर दिये गये हैं और इन पदों पर नियुक्त किये गये व्यक्तियों के नाम, योग्यतायें और अनुभव क्या हैं ;

(ग) ऐसे कौन से और कितने पद हैं जिन पर चयन किये जाने के बावजूद नियुक्ति नहीं की गई है और उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) लोक हित में इन पदों पर नियुक्तियां कब तक किये जाने की संभावना है जिससे कि ये पत्रिकायें समय पर निकाली जा सकें या इन पदों को कब तक खाली रखे जाने की संभावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) भगीरथ पत्रिकाओं का उद्देश्य सिंचाई, विद्युत, बाढ़ नियंत्रण तथा सम्बद्ध सेक्टरों के क्षेत्र में योजनाओं तथा प्रगति पर सूचना का प्रसार करना है। पत्रिकाओं के लिए संस्वीकृत पदों संबंधी अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण विवरण-में दी गई है। **(नीचे देखिये)**

(ख) अपेक्षित सूचना विवरण-ii) में दी गई है। **(नीचे देखिये)**

(ग) और (घ) अपेक्षित सूचन विवरण-III में दी गई है।

विवरण–I

भगीरथ—अंग्रेजी

पद	संस्वीकृत क्षमता	पद के सृजन/स्थायी होने की तारीख
1. सम्पादक	1	21–12–1963
2. वैयक्ति सहायक	1	30–12–1964
3. व्यावसायिक सहायक	1	21–12–1963
4. कलाकार	1*	1–9–1980
5. सहायक	1	30–12–1964
6. अवर श्रेणी लिपिक	1	16–1–1985
7. चपरासी	1	21–12–1963
8. पैकर	1*	21–12–1963

भगीरथ पत्रिका (हिन्दी)

	संस्वीकृत क्षमता	पद के सृजन होने की तारीख/पद को स्थायी घोषित करने की तारीख
1. सम्पादक	1	1–9–1980
2. सहायक सम्पादक	1**	17–8–1973
3. उप-सम्पादक	1	1–9–1980
4. वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक	1	4–8–1979
5. व्यावसायिक सहायक	1	4–8–1979
6. कलाकार	1*	1–9–1980
7. आशुलिपिक	1	16–6–1981
8. अवर श्रेणी लिपिक	1	16–6–1981
9. चपरासी	1	21–12–1963
10. पैकर	1*	21–12–1963

टिप्पणी : * दोनों पत्रिकाओं के लिए सांझा ।

** सम्पादक के पद के भरे जाने की तारीख से सहायक सम्पादक का पद समाप्त कर दिया जाएगा ।

विवरण--II

क्रम सं०	भरे हुए पद का नाम	संबंधित व्यक्ति का नाम, योग्यता तथा अनुभव
1	सहायक सम्पादक (हिन्दी)	श्री आर०के० भारती, एम०ए० (भूगोल) तथा पत्रकारिता में डिप्लोमा। अनुवाद कार्य तथा भगीरथ पत्रिका से संबंधित कार्य में अनुभव प्राप्त है।
2	कलाकार . .	श्री बी०एफ०मुरबाद, एस०एस०सी० ड्राईंग अध्यापक परीक्षा, ड्राईंग तथा पेंटिंग में डिप्लोमा। कलाकार के पद का अनभव है।
3	व्यावसायिक सहायक हिन्दी .	श्री के० ए० जोशी, बी०ए० तथा बुनियादी प्रबंध सेवा पाठयक्रम।
4	व्यावसायिक सहायक (अंग्रेजी)	श्री एस० पी० बैद, बी०एस०सी०, 6½ वर्ष का अनुभव।
5	वयक्तिक सहायक . . (भगीरथ अंग्रेजी)	श्री बी० के० गुरी, बी०कॉम०, 24-6-1975 से कार्य कर रहे हैं।
6	वरिष्ठ हिन्दी अनवादक . (भगीरथ-हिन्दी)	श्री आर०के० कुलश्रेष्ठ, एम०ए०, एल०एल०बी०। 17-2-1979 से कार्य कर रहे हैं।
7	आशुलिपिक ग्रेड "ब" . (भगीरथ-हिन्दी)	श्री के० कल्याण, मैट्रिक, 17-3-1986 से कार्य कर रहे हैं।
8	अवर श्रेणी लिपिक . . (भगीरथ हिन्दी तथा भगीरथ अंग्रेजी प्रत्येक के लिए एक)	श्री सबू जेम्स। बी०ए०। जो 28-5-1983 से कार्य कर रहे हैं तथा श्री के० विश्वनाथ जो 11-4-1985 से कार्य कर रहे हैं।
9	सहायक (अंग्रेजी) .	श्री एम०एस० ओवराय, मैट्रिक। 1957 से कार्य कर रहे हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त, भगीरथ (अंग्रेजी) तथा भगीरथ (हिन्दी) प्रत्येक के लिए एक-एक-पद चपरासी का तथा भगीरथ (अंग्रेजी) तथा भगीरथ (हिन्दी) दोनों के लिए एक-एक पद पैकर का संस्वीकृत किया गया है।

विवरण–III

क्र० सं०	रिक्त पद का नाम	रिक्त पद को न भरे जाने के कारण	रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति कर दी जाए गी
1	सम्पादक, भगीरथ (अंग्रेजी)	संघ लोक सेवा आयोग ने पहले एक अभ्यर्थी की सिफारिश की थी जिसने कार्यभार संभालने से इन्कार कर दिया था। चयन करने के लिए पद को विज्ञापित करने हेतु संघ लोक सेवा आयोग को एक नया मांग प्रस्ताव भेज दिया गया है।	**
2	सम्पादक, भगीरथ (हिन्दी)	संघ लोक सेवा आयोग ने सीधी भर्ती द्वारा एक अभ्यर्थी की सिफारिश की है। तथापि उसने अपना पदभार नहीं संभाला है क्योंकि इस पद पर नियुक्ति के मामले पर केन्द्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में एक मामला दायर कर दिया गया है।	**
3	उप-सम्पादक भगीरथ (हिन्दी)	यह पद मार्च, 1987 तक प्रास्थगित रखा गया है।	
4	पैकर-भगीरथ (अंग्रेजी) तथा भगीरथ (हिन्दी)	यह पद 21–7–86 को रिक्त हुआ। इस पद को भरने के लिए कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।	**

**इन पदों को भरने की कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है। तथापि, ऐसा निश्चित समय बता पाना संभव नहीं है कि कब तक ये पद वस्तुतः भर दिए जाएंगे। केन्द्रीय जल आयोग ने त्रैमासिक भगीरथ पत्रिकाओं का हिन्दी और अंग्रेजी में अद्यतन अक (जुलाई––सितम्बर, 1986) प्रकाशित किया है।